केन्द्रीय विद्यालय (सी.सु.बल) अनूपगढ़

नीलामी हेतु आम सूचना

दिनांक: 29.05.2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल, अनूपगढ़ परिसर में चारदीवारी के निर्माण कार्य में बाधक बने खड़े/गिरे हुए(सभी किस्म के) चिन्हित किए हुए लगभग 46 पेड़ों की नीलामी विद्यालय द्वारा दिनांक 02.06.2021 को प्रातः 11:30 बजे खुली बोली द्वारा की जाएगी।

<u>नीलामी की शर्तें:-</u>

1. इच्छुक बोलीदाता/क्रयकर्ता दिनांक 02/06/2021 को प्रातः 08.00 बजे से 11:00 बजे तक विद्यालय परिसर में अपनी स्वयं की उपस्थिति में चिन्हित पेडों को देखकर अधिकतम बोली द्वारा क्रय कर सकते है। सभी चिन्हित किए गए पेडों की बोली एक साथ (एक मुश्त) लगानी होगी। चयनित बोलीदाता को पेड़ो को (छोटी-बड़ी टहनियों एवं कचरे सहित) उठाने से पूर्व बोली की सम्पूर्ण राशि विद्यालय के बैंक खाते में नीलामी के दिन ही जमा करानी होगी। बैंक में राशि जमा कराने के समय में बिलम्ब होने की स्थिति में अगले दिन राशि जमा करवाकर विद्यालय प्राचार्य को उसकी जमा पर्ची/प्रमाण सुपूर्द करना होगा। बोली की राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में चयनित क्रयकर्ता की बोली निरस्त मानी जाएगी।

2. बोली केन्द्रीय विद्यालय (सी.सु.बल) अनूपगढ़ के विद्यालय परिसर में प्रातः 11:30 बजे प्रारम्भ होगी।

3. इच्छुक बोलीदाता/क्रयकर्ता सरकार द्वारा जारी वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई. डी./ पेन कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस आदि) आवश्यक रूप से साथ लावें।

4. नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाताओं को धरोहर राशि रू 10,000 (दस हजार रूपये मात्र) जमा करानी होगी। चयनित बोलीदाता के अलावा अन्य बोलीदाताओं को धरोहर राशि लौटा दी जाएगी। चयनित बोलीदाता को धरोहर राशि पेड़ों को उठाने के पश्चात् लौटाई जाएगी।

5. नीलामी की न्यूनतम बोली रू. 1,25,000 (एक लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र) से शुरू की जाएगी।

6. चयनित बोलीदाता द्वारा चिन्हित पेड़ों को काटने के पश्चात् विद्यालय परिसर से 10 दिन के भीतर उठाकर नीलामी में तय दर के हिसाब से धर्मकांटे से वजन करवाकर वजन की पर्ची के अनुसार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर/शुल्क के हिसाब से राजस्व शुल्क, राजस्व विभाग, तहसील कार्यालय, अनूपगढ में जमा करवाकर प्राप्ति रसीद प्राचार्य, के. वि. (सी.सु.बल) अनूपगढ को सुपूर्द करनी होगी। उक्त कार्य दिनांक 02.06.2021 से 12.06.2021 के मध्य करना होगा।

7. बोलीदाता नीलामी से पूर्व स्थल पर खड़े/गिरे हुए पेड़ो को भलीभाँति देखकर ही बोली लगाएँ। नीलामी के उपरान्त किसी प्रकार की शिकायत, वाद-विवाद अथवा क्लेम इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8. नीलामी में कोई सरकारी कर्मचारी/अधिकारी/अधिवक्ता/पुलिस/राजनेता एवं जनप्रतिनिधि भाग नहीं लेगा।

9. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय प्रशासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु समय-समय पर जारी दिशानिर्देश जैसे:- मास्क लगाना, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना इत्यादि का अक्षरशः पालन किया जावें।

10. विद्यालय प्रबंधन को सभी बोलियों अथवा किसी एक बोली को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

<u>नीलामी की दिनांक एवं समयः- 02/06/2021 प्रातः 11.30 बजे</u>

प्राचार्य/Principal
के.वि.अनूपगढ़/K.V. Anupgarh